## भा.कृ.अनु.प.–भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी

फा. सं. 3–5/स्टोर फिजी./ GFR-17/कन्डम निष्प्रोज्य सामग्री ./2024–25 दिनांक 29.07..2025

### निष्प्रोज्य स्क्रैप के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण

इस संस्थान में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के निष्प्रोज्य स्क्रैप इलैक्ट्रीकल स्क्रैप, मशीनरी स्क्रैप, प्लास्टिक स्क्रैप, वूडन स्क्रैप, आयरन स्क्रैप एवं रद्दी स्क्रैप आदि की नीलामी के लिये मोहर बंद निविदायें जहॉ हैं जैसी हैं, की स्थिति के आधार पर **दिनांकः 21.08.205 को अपरान्ह 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं** जिसके लिये निविदा दाताओं से प्रत्येक श्रेणी (कैटेगरी) के लिये निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से मांगी जाती हैं। निविदा के लिये धरोहर राशि रू. **10000/–** होगी। जिसके लिये निविदा दाताओं को बैंकर्स चैक, डिमाड ड्राफ्ट, **स्टेट बैंक ऑफ इंण्डिया, करारी शाखा (कोड–7477) जो कि आई.सी.ए.आर. यूनिट, आई.जी.एफ.आर.आई, झाँसी** के नाम से निविदा के साथ संलग्न करना होगा। उक्त निविदायें **दिनांक 21.08.2025** को **अपरान्ह 3:00 बजे** निविदा दाताओं के समक्ष संस्थान समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदायें **सहायक प्रशासनिक अधिकारी (भण्डार भौतिक) भा.च. एव चा. अनु. सं. झॉसी** के नाम से भेजें तथा लिफाफा के ऊपर सम्बन्धित निविदा का नाम स्पष्ट करें। विवाद की स्थिति में संस्थान के निदेशक का निर्णय अंतिम होगा। सामान्य नियम व शर्तें एवं सम्पूर्ण विवरण की जानकारी इस संस्थान की वेवसाइट https://igfri.org.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक संस्थान से ग्रहण कर सकते हैं।

शोभिता 29.07.2025

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
(भंडार–भौतिक)
कृते–निदेशक

**निविदा के सामान्य नियम एवं शर्तेः–**

1. यह निलामी फार्म गैर हस्तांतरणीय है।
2. निविदा मूल्य/दर देने से पूर्व निष्प्रोज्य स्क्रैप सामग्री का निरीक्षण निविदादाता द्वारा संस्थान परिसर में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है।
3. इन सभी सामानो को अलग–अलग भागो मे विभाजित किया गया जैसे इलैक्ट्रीकल स्क्रैप, मशीनरी स्क्रैप, प्लास्टिक स्क्रैप, वूडन स्क्रैप, रद्दी स्क्रैप एवं आयरन स्क्रैप आदि है जिसका आरक्षित मूल्य निर्धारित है।
4. निविदा दर के साथ में अर्नेस्ट मनी रूपया 10000/– (दस हजार रूपया मात्र) रखा गया है जिसका विवरण निविदा आमंत्रण में किया गया है। जिसके लिये बैंकर्स चैक/डिमांड ड्राफ्ट लगाना अनिवार्य है बिना अर्नेस्ट मनी के निविदा अमान्य होंगी।
5. निविदा रेट्स 90 दिनों के लिये ही मान्य होंगे एवं स्वीकृति आदेश पत्र जारी करने के तुरन्त बाद फर्म को सम्पूर्ण धनराशि जमा करके सामग्री 07 दिनों के अंदर ले जाना होगा अन्यथा अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जायेगी।
6. निविदा प्रस्तावों की प्राप्ति की अंतिम तिथि **दिनांकः 21.08.2025 समय अपरान्ह 2:30 बजे** तक है, और **दिनांकः 21.08.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे** निविदा, निविदाकर्ता के समक्ष खोली जाएगी।
7. सफल बोलीदाता को भुगतान की धनराशि केवल ATM Card/Debit card/D.D. के माध्यम से ही संस्थान के खाते में उसी दिन या अधिकतम तीन दिवस के अन्दर जमा करनी होगी।
8. नीलाम की गई सामग्री के मूल्य पर जो भी शासन द्वारा टैक्स लागू होगा उसका भुगतान संबंधित फर्म को सामग्री उठाने के पूर्व अलग से वहन करना होगा।
9. किसी भी तरह की ओवर राईटिंग (अधिलेखन) निविदा में नहीं की जानी चाहिए। भूल वश गलती होने पर उस जगह गलती सुधार कर के निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मुहर द्वारा प्रमाणीकृत किया जाना चाहिए।
10. निविदाओं भारत सरकार/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद/निदेशक, भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान अग्रिम नियम एवं शर्तों के अधीन होगा।
11. निविदा रेट्स पूर्ण एवं आंशिक रूप से निर्णीत/निरस्त करने का अधिकार संस्थान के निदेशक का होगा।
12. आरक्षित मूल्य से कम निविदा प्राप्त होने पर उस सामग्री की बोली स्वीकार नहीं की जायेगी।
13. जो शर्तें यहां पर अपूर्ण हैं उन्हें समिति/निदेशक को सम्मलित करने का अधिकार होगा।

**नोटः** विस्तृत जानकारी सहायक प्रशासनिक अधिकारी, भण्डार (भौतिक) से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।